MANUAL **1**

PARTICULARS OF ORGANISATION, FUNCTION AND DUTIES

# [SECTION 4(1)(B)(i)]

**संस्था के कार्यक्रम और कर्तव्य से संबन्धित सामग्री**

**अनुभाग ) (1)4बी(1)**

## AIMS AND OBJECTIVES

**लक्ष्य एवं उद्देश्य**

**हिन्दी भाषा साहित्य एवं संस्कृति विकास, संवर्धन तथा प्रोत्साहन के लिये कार्य**

## MISSION

**लक्ष्य**

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली मे हिन्दी भाषा एवं साहित्य के विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना हैं, साथ ही हिन्दी की उस विरासत को बढ़ाना जिससे दिल्ली तथा देश में राष्ट्रीय, संस्कृतिक चेतना का विकास हो। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिय कवि गोष्ठियाँ, साहित्यिक सम्मेलन, साहित्यकार सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विचार गोष्ठियाँ, हिन्दी प्रसार केंद्र, विभिन्न रोजगारमुखी कार्यक्रम अकादमी द्वारा चलाये जा रहे हैं।**

**संक्षिप्त विवरण**

**माननीय उपराज्यपाल की अध्यक्षता में हिन्दी अकादमी, दिल्ली की स्थापना 31 दिसम्बर, 1981 को हुई थी। संस्था का पंजीकरण सोसाइटी अधिनियम के अंतगर्त 1860 के अनुसार किया गया हैं। वर्ष 2017 में किए गए संशोधन के अनुसार दिल्ली सरकार के कला संस्कृति एवं भाषा मंत्री अकादमी के अध्यक्ष होंगे । अकादमी अध्यक्ष कार्यो को सुचारु रूप से चलाने के लिये अकादमी के सचिव की नियुक्ति करते हैं, साथ ही कुल 25 साहित्यकार, पत्रकार और लेखकों को 2 वर्ष के लिए सदस्य नामित करते हैं। जिनमें से एक को उपाध्यक्ष नामित करते हैं। दिल्ली सरकार के वित्त सचिव व कला संस्कृति व भाषा सचिव इसमे पदेन सदस्य होते हैं। अकादमी की संचालन समिति का कार्यकाल दो वर्ष का होता है । अकादमी के कार्यो मे हिन्दी भाषा साहित्य के लिए विशिष्ट एवं विशेष सम्मान-पुरस्कार, विचार गोष्ठियाँ, संस्थागत सहयोग, प्रकाशन सहयोग, कवि सम्मेलन, अंतर्भाषीय सम्मेलन, साहित्यिक सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, हिन्दी प्रसार केन्द्रों का संचालन, रोजगारोंमुखी पाठ्यक्रमों का संचालन मुख्य है।**

## ORGANIZATION SET UP

**अकादमी के सचिव विभागाध्यक्ष के रूप में कार्य करते हे तथा उसे सहयोग के लिए निम्न सरचना की गई है-**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | सचिव | | | |
| उप सचिव | | | | लेखाधिकारी |
| अधीक्षक | सहायक संपादक | सहायक सचिव (कार्यक्रम) | कार्यक्रम संयोजक | लेखाकार |

## ALLOCATION OF BUSINESS DUTIES AND SERVICE RENDERED

**कार्यो का विनिधान / दायित्व और सेवाओ का प्रदर्शन**

**अकादमी द्वारा बार-बार किए जाने वाले कार्य निम्न है -**

**(1) हिन्दी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के विकास के लिये विभिन्न योजनाएँ लागू करना।**

**(2) हिन्दी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के विकास के लिये विभिन्न कार्यकर्मों को आयोजित करना।**

(3) रोजगारोमुखी कार्यकर्मों मे टंकण, आशुलिपि तथा कम्प्युटर पाठ्यक्रम की कक्षायें संचालित करना और समय- समय पर दिल्ली सरकार मे विभिन्न विषयो पर कार्य कर रही पंजीकृत संस्थाओ के साथ या सहयोगी संस्थाओ के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित करना।

## PUBLIC INTERACTION
## जनसहयोग

हिन्दी अकादमी भाषा साहित्य एवं संस्कृति के विकास से जुड़ी हे अकादमी के प्रत्येक कार्यक्रम गतिविधि योजना मे आम आदमी की सक्रिय भागीदारी होती है । आम जनता की सक्रिय भागीदारी अकादमी की गतिविधियों की सफलता का मानदंड है।

## LOCATION AND MAP
## स्थान एवं मानचित्र

अकादमी का मुख्यालय एवं पता निम्न है-
हिन्दी अकादमी दिल्ली
(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) दिल्ली सरकार
समुदाय भवन, पदम नगर, किशन गंज
दिल्ली – 110007
दूरभाष-- 20923001, 20923003, 20923004
Email- hindiacademydelhi@gmail.com

इसके अतिरिक्त अकादमी के हिन्दी प्रसार केंद्र दिल्ली के विभिन स्थानो पर भी हे।

## WORKING HOURS
## कार्य समय

प्रातः अपरहन 9.30 बजे से 6.00 बजे तक, मध्यावहन भोजनावकाश 1.30 से 2.00 बजे तक

## GRIEVANCE REDRESSAL MECHANISM
## शिकायत सुधार प्रबंधन

अकादमी को जो भी जनशिकायत प्राप्त होती हे उसे दूर करने के लिए अकादमी ने एक सूचना अधिकारी नियुक्त किया हे तथा दिल्ली सरकार के माध्यम से जो शिकायत अकादमी को प्राप्त होती हे उसके उत्तर एवं सुधार के लिए भी अकादमी ने अधिकारी नियुक्त किए हैं।

इसके अतिरिक्त दिल्ली सरकार के Public Grievances Monitoring System Web Portal के माध्यम से प्राप्त सभी शिकायतों का निवारण / उत्तर दिया जाता है।